न्यायालय भूमि सुधार उप-समाहर्त्ता हजारीबाग

अपील दाखिल खारिज वाद संख्या 23/2012-13

यदुनन्दन साव बनाम रामचन्द्र साव वगैरह।

आदेश

यह अपील वाद आवेदक यदुनन्दन साव के द्वारा मौजा-कटकमसांडी, थाना नं0-36 खाता नं0-11 प्लॉट नं0-3424 रकवा-0.02 एकड़ से संबंधित भूमि का अंचल अधिकारी, कटकमसांडी के दाखिल खारिज वाद सख्या-44/2012-13 में दिनांक 12.05.2012 को पारित आदेश के विरूद्ध अपील आवेदन पर आरंभ किया गया है, एवं विपक्षी को नोटिस देकर सुनवाई की गयी। सुनवाई के क्रम में उभय पक्षों के विद्वान अधिवक्ता द्वारा बताया गया कि माननीय व्यवहार न्यायालय में स्वत्व वाद विचाराधीन है। इस प्रकार प्रश्नगत भूमि का स्वत्व वाद विचाराधीन होने के कारण जबतक माननीय न्यायालय द्वारा कोई आदेश पारित नहीं होता है तबतक इस वाद में कोई आदेश पारित करना न्यायोचित प्रतीत नहीं होता है।

अतः आवेदक के आवेदन को निरस्तार करते हुए वाद की कार्यवाही समाप्त की जाती है।

लेखापित एवं संशोधित।

भूमि सुधार उप समाहर्त्ता,
सदर, हजारीबाग।

भूमि सुधार उप समाहर्त्ता,
सदर, हजारीबाग।